क्विक हील ने इंदौर में लॉन्च किया साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम

इन्दौर, प्रात: किरण संवाददाता

क्विक हील टेक्नोलॉजीज की सीएसआर शाखा क्विक हील फाउंडेशन (क्यूएचएफ) ने लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध के प्रति जागरूकता फैलाने के लिये एक जरूरी कदम उठाया है। इस फाउंडेशन ने नुक्कड़ नाटकों की एक श्रृंखला लॉन्च करने के लिए इंदौर सिटी पुलिस और साइबर सेल टीम के साथ सहयोग किया है। फाउंडेशन ने शहर के लोगों में ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये अपनी सिग्नेचर पहल साइबर सुरक्षा के लिये साइबर शिक्षा के अंतर्गत यह कदम उठाया है।

इस पहल का शुभारंभ 26 अप्रैल, 2022 को एच.एन. मिश्र, पुलिस आयुक्त द्वारा श्रीमतीअनुपमा काटकर, अध्यक्ष, क्यूएचएफ, मनीष कपूरिया, अतिरिक्त सीपी एल/ओ, राजेश हिंगनकर, अतिरिक्त सीपी मुख्यालय/अपराध की उपस्थिति में किया जाएगा। जाने-माने और प्रोफेशनल कार्यक्रम आयोजक- सिने जगत के योग इवेंट्स इन नाटकों का आयोजन करवाने में फाउंडेशन का सहयोग करेंगे।

अनुपमा काटकर, अध्यक्ष, क्विक हील फाउंडेशन का कहना है, चूंकि, पूरी दुनिया ऑनलाइन की तरफ जा रही है, तो ऐसे में साइबर अपराध की दर भी तेजी से बढ़ रही है। मुख्यरूप से यह टियर 1/टियर 2 शहरों में यह ज्यादा है, जहां ज्यादातर लोग पैसों के लेन-देन का काम, मिलने-जुलने और संपर्क के लिये स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, हमने यह देखा है कि कई सारे यूजर्स अभी भी ऑनलाइन सर्फिंग के लिये मूलभूत शिष्टाचार को लेकर अवगत नहीं हैं। इस वजह से साइबर अपराधियों के सामने अपनी व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी का खुलासा कर रहे हैं, जिसका वो फायदा उठा रहे हैं। अपनी साइबर सुरक्षा के लिये साइबर शिक्षा पहल के जरिये हमारा लक्ष्य हर किसी को प्रशिक्षित करना है, खासकर नई पीढ़ी और स्टूडेंट्स को ताकि वे धोखाधड़ी के बारे में सतर्क हो सकें; और लोगों को मौजूदा साइबर सुरक्षा की स्थिति के बारे में समझाया जा सके। यह 12 दिनों तक चलने वाला कार्यक्रम है जहां क्विक हील टीम इंदौर शहर के विभिन्न हिस्सों में 112 नुक्कड़ नाटकों का प्रदर्शन करेगी। क्विक हील फाउंडेशन ने नुक्कड़ नाटक को माध्यम के रूप में चुना है क्योंकि यह एक गंभीर मुद्दे को बहुत ही दिलचस्प तरीके से पेश कर सकता है। यह अधिकतम संख्या में लोगों का ध्यान आकर्षित करने में मदद करता है। इन नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से, क्विक हील का उद्देश्य ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाना है। शो में यह भी दिखाया जाएगा कि नागरिक अपनी साइबर अपराध संबंधी चिंताओं को लेकर साइबर सेल से कैसे संपर्क कर सकते हैं। साइबर सुरक्षा के लिये साइबर शिक्षा के माध्यम से क्विक हील कई सारी धोखाधड़ियों पर रोशनी डालेगी, जैसे फिशिंग, साइबर वसूली, डेटा उल्लंघन, पहचान की चोरी और उत्पीड़न। इसके साथ ही यह बताया जाएगा कि कैसे साइबर अपराध की घटनाओं की वजह से लाखों मासूम लोगों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है और मानसिक आघात हो सकता है।